भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1243
उत्तर देने की तारीख: 25.07.2022

उत्तर-पूर्व के राज्यों के बारे में अध्ययन

†1243. श्री गौरव गोगोई:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भारत के उत्तर-पूर्व के राज्यों के बारे में जानने के महत्व को स्वीकार करती है;
(ख) यदि हां, तो क्या सरकार एनसीईआरटी की पुस्तकों में पूर्वोत्तर पर विशिष्ट अध्यायों को शामिल करने की योजना बना रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार की योजना इस क्षेत्र के विशिष्ट आर्थिक योगदान और सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं को ऐसे अध्यायों में शामिल करने की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग): राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने सूचित किया है कि उत्तर पूर्व क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं के बारे में सामग्री को सभी स्तरों पर एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों जैसे कि इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र की वर्तमान पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया गया है। इसके अलावा, एनसीईआरटी द्वारा पूरक पठन सामग्री, नामत: वीमेन ऑफ नार्थ-ईस्ट इंडिया: मेकिंग अ डिफरेंस’’ "पूर्वोत्तर भारत: लोग, इतिहास और संस्कृति" भी विकसित की गई हैं।

*****